

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के ईशान मित्तल ने डीयू-जेएटी में एआईआर 2 हासिल किया

loknnkrk देहरादून। दिल्ली के ईशान मित्तल ने दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल किया। दिल्ली विश्वविद्यालय में अंडरग्रेजुएट मैनेजमेंट प्रोग्रामों में एडमीशन के लिए देश भर से लगभग 30,000 छात्र कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे। डीयू–जेएटी दिल्ली विश्वविद्यालय की सबसे अधिक डिमांड में रहने वाली प्रवेश परीक्षा है जो बीएमएस बीएफआईए बीबीए जैसे प्रबंधन कार्यक्रमों के लिए हर साल आयोजित की जाती है।

### बकाया पेंशन जारी होने पर जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष का किया अभिनंदन

loknnkrk देहरादून। बकाया पेंशन जारी होने पर जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी का अभिनंदन किया गया। वृद्धावस्था, विकलांग आदि पेंशनर पेंशन न मिलने से कई वर्षों से परेशान थे। बकाया पेंशन मिलने की खुशी में लाभार्थियों एवं जन संघर्ष मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी को पुष्पगुच्छ भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

### डीएम की अध्यक्षता में होगा 6 अगस्त को तहसील दिवस

loknnkrk देहरादून। डीएम सी रविशंकर की अध्यक्षता में 06 अगस्त को 11 बजे से तहसील देहरादून के राजीव गांधी काम्पलेक्स में तहसील दिवस का आयोजन किया जायेगा। डीएम ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को लम्बित प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण कर लिये जाने के साथ ही अनिवार्य रूप से तहसील दिवस में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये।

## श्रद्धालुओं को बैंकिंग सुविधा का लाभ देना एचडीएफसी की सराहनीय पहलः सीएम

loknnkrk देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने केदारनाथ में एच.डी.एफ. सी बैंक द्वारा एटीएम की स्थापना को तीर्थयात्रियों के हित में बताया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री आवास में केदारनाथ में एच.डी.एफ. सी बैंक द्वारा स्थापित किये जा रहे एटीएम का शुभारम्भ करते हुए इसे केदारनाथ के लिये बैंकिंग क्षेत्र की नई शुरूआत भी बताया है।

## स्वास्थ्य शिविरों से 24,130 से ज्यादा नागरिकों को मिला लाभ

**योगदान**

■ आईआईएफएल फाईनेंस 'बी मॉनसून रेडी' हैल्थ कैंप्स के माध्यम से सेहतमंद और फिट इंडिया सुनिश्चित कर रहा है।

loknnkrk

देहरादून। भारत की सबसे बड़ी नॉन–बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस आईआईएफएल फाउंडेशन के साथ मिलकर अपनी शाखाओं के विशाल नेटवर्क के जरिए 'मिलन' के बैनर तले अनेक सामुदायिक गतिविधियां आयोजित करता है।

श्री आनंद माथुर, प्रेसिडेंट–ह्यूमन रिसोर्सेस ने कहा, ''आईआईएफएल फाईनेंस एक जिम्मेदार संगठन है, जिसका मानना है कि स्वास्थ्य हर किसी का मौलिक अधिकार है। इन मॉनसून–विशिष्ट स्वास्थ्य शिविरों द्वारा हमने मॉनसून के दौरान होने वाली स्वास्थ्य की समस्याओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। आईआईएफएल समूह की नॉन–बैंकिंग फाईनेंस आर्म, इंडिया इन्फोलाईन फाईनेंस लिमिटेड एक चरणबद्ध महत्वपूर्ण नॉन–बैंकिंग फाईनेंशियल कंपनी है, जो सार्वजनिक जमा स्वीकार नहीं करती और यह होम एवं प्रॉपर्टी लोन, गोल्ड लोन, सिक्योरिटीज पर लोन, एसएमई बिजनेस एवं माईक्रो–फाईनेंस लोन के क्षेत्र में काम करती है।



स्वास्थ्य शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जाँच करते डॉक्टर।

# किसानों की आय दुगुनी करने को हरसंभव हो प्रयास : सीएम

**बैठक**

■ मुख्यमंत्री ने की कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा

loknnkrk

**एक दिन में 1035 से ज्यादा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए**

**सीएसआर अभियान, 'मिलन' के तहत आयोजित किए गए**



समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिशा–निर्देश देते सीएम।

देहरादून। सीएम डेशबोर्ड 'उत्कर्ष' में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। सरकारी विभागों में आउटकम अधारित डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की–प्रोग्रेस इंडिकेटर तैयार किये गये हैं। इसे अधिकारियों के वार्षिक परफोरमेंस मूल्यांकन से जोड़ा गया है।

इसके तहत 143 प्राथमिकता वाले कार्यक्रम रखे गये हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम डेशबोर्ड के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विभागों को प्रतिमाह जो लक्ष्य मिला है, वह लक्ष्य पूर्ण किया जाय। इसके लिए संबधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना जरूरी है। 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने के लिए हर संभव प्रयास किये जायें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संगंध पौध केन्द्र के लोगो का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को जो मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये जा रहे हैं, उनका सही इस्तेमाल हो। विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में इस बात का विशेष ध्यान दिया जाय कि किसानों को इसका लाभ हो।

यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा के लिए जो क्लेम हो रहें हैं, उनका भुगतान जल्द हो। लघु व सीमांत कृषकों तक कृषि यंत्रों की पहुंच हो, इसके लिए फार्म मशीनरी बैंक की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि एकीकृत कृषि को बढ़ावा दिया जाय।

## सीपीयू कर्मियों को दिया जाएगा ड्यूटी व जनता से व्यवहार के सम्बन्ध में विशेष प्रशिक्षण

loknnkrk देहरादून। पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) अशोक कुमार की अध्यक्षता में सीपीयू की एस0ओ0पी0 में बढ़ाये जाने हेतु प्रस्तावित नये बिन्दुओं के दृष्टिगत पुलिस मुख्यालय के सभागार में गोष्ठी आयोजित की गई। नई एस0ओ0पी0 में सीपीयू को मुख्यत तीन बिन्दुओं दुर्घटना नियंत्रण, जाम नियंत्रण और अपराध नियंत्रण पर कार्य करने के लिये निर्देशित किया गया है। इन्फोर्समेण्ट में कम से कम 80 प्रतिशत प्रवर्तन की कार्यवाही डी0एल0 निलम्बन हेतु निर्धारित 06 बिन्दुओं (रेड लाईट जम्प,शराब पीकर वाहन चलाना,ओवर स्पीड,ओवर लोडिंग,मोबाईल का प्रयोग,भार वाहन में यात्रियों को वहन करने) के साथ ही स्टंट ड्राइविंग,बिना नम्बर प्लेट वाहन, गलत दिशा में वाहन चलाने,गलत तरीके से पार्किंग वाहन वालों के विरुद्ध की जाये।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।